राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर

"वित्त भवन" जनपथ, जयपुर– 302015

(दूरभाष 0141–2740735, फैक्स 0141– 2742309, ई–मेल jdp-ta-rj@nic.in)

क्रमांकः एफ–3(ख)/बी–18/आर 92/अलेसे–II 806 दिनांक–25-7-18

## कार्यमुक्ति आदेश

निदेशालय, कोष एवं लेखा द्वारा जारी स्थानान्तरण आदेश दिनांक 24.05.2018 द्वारा श्री बनवारी लाल गुप्ता, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–द्वितीय का स्थानान्तरण कार्यालय महानिदेशक कारागार, गृह विभाग, जयपुर–837 से अधीक्षक, मनोरोग चिकित्सालय, चिकित्सा शिक्षा विभाग, जयपुर–20307 में किया गया था किन्तु निदेशालय को प्राप्त सूचना के अनुसार श्री गुप्ता आदिनांक तक नवीन पदस्थापन स्थान पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है।

श्री बनवारी लाल गुप्ता को तत्काल उनके वर्तमान कार्यालय से **तत्काल प्रभाव से एतद् द्वारा कार्यमुक्त किया जाता है** तथा निर्देश दिये जाते है कि श्री गुप्ता नवीन पदस्थापन स्थान पर नियमानुसार कार्यग्रहण कर ईमेल–jdp-ta-rj@nic.in /दूरभाष संख्या 0141–2744134 पर इस निदेशालय को सूचित करावें।

इसके अतिरिक्त श्री बनवारी लाल गुप्ता को निर्देश दिये जाते है कि निदेशालय के स्थानान्तरण आदेशों एवं तत्पश्चात जारी तत्काल कार्यमुक्त होने सम्बन्धी आदेशों की पालना आदिनांक न किये जाने के सम्बन्ध में **कारणों सहित अपना स्पष्टीकरण 3 कार्यदिवसों के अन्दर निदेशालय को पत्र/ईमेल के माध्यम से प्रेषित करावें** अन्यथा नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी, सूचित रहे।

(मंजुला वर्मा)
निदेशक

क्रमांकः एफ–3(ख)/बी–18/आर 92/अलेसे–II 806 दिनांक– 25-7-18

प्रतिलिपिः–

1. महानिदेशक कारागार, गृह विभाग, जयपुर–837
2. अधीक्षक, मनोरोग चिकित्सालय, चिकित्सा शिक्षा विभाग, जयपुर–20307
3. श्री बनवारी लाल गुप्ता, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II कार्यालय महानिदेशक कारागार, गृह विभाग, जयपुर–837
4. उपनिदेशक (ए.सी.पी), कम्प्यूटर अनुभाग को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।